दिनांक: 05.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हो रही बारिश से जलाशयों में पानी की आवक जारी–कई जगह बांध लबालब।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित–दौसा के राहुवास में धन्यवाद सभा को किया संबोधित।
- केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलम्पिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की।
- जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से आज हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन–होंगे कई रंगारंग कार्यक्रम।

..................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी है। राजधानी जयपुर में देर रात से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हो रही है। टोंक में तेज बारिश के चलते निवाई के मांसी बांध पर चादर चल रही है। सवाईमाधोपुर में नदी नाले उफान पर हैं। वहां ढील बांध पर चादर चल रही है। जैसलमेर और जालौर में रुक–रुक कर पानी बरस रहा है। अजमेर, दौसा, हनुमानगढ, करौली और पाली में रात से बारिश का सिलसिला जारी है। इससे विभिन्न इलाकों में पानी भर गया है और यातायात तथा जनजीवन प्रभावित हुआ है। भरतपुर में निचले इलाकों में भरे पानी की पम्प लगाकर निकासी की जा रही है। हमारे बारां संवाददाता ने बताया कि बरसात से जलाशयों और बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। जिले के कई बांध लबालब होकर छलकने को तैयार हैं।

..................

झालावाड़ जिले में कालीसिंध, आहू, पार्वती, छोटी कालीसिंध नदियां पूरे वेग से बह रही हैं। नदियों के आस–पास रह रहे लोगों को जिला प्रशासन ने अलर्ट कर दिया है।

..................

जैसलमेर, बाडमेर, बालोतरा और ब्यावर में तेज बारिश के कारण आज सभी सरकारी और निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने दौसा के राहुवास में बजट 2024–25 में जिले को मिली सौगातों के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि ये बजट सभी वर्गों के लिए समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में जन आकांक्षाओं को पूरी करने के साथ ही विकसित राजस्थान के संकल्प को साबित करने की दिशा का निर्धारण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना दौसा सहित पूर्वी राजस्थान के लिए वरदान साबित होगी, जिससे क्षेत्र में भरपूर पानी मिलेगा और कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ उद्योगों का भी विकास होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लालसोट में सड़क निर्माण कार्यों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर देने के लिए लालसोट में खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।

..................

राज्य विधानसभा में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपात्र आवेदनों पर हस्तांतरित की गई राशि के संबंध में शाहपुरा थाने में दर्ज एफआईआर पर ठोस कार्यवाही नहीं करने के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया जाएगा। आहोर विधानसभा क्षेत्र की भाद्राजून तहसील में बाकली सिंचाई परियोजना के नवीनीकरण कार्य में संवेदक द्वारा की गयी अनियमितता पर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के संबंध में और जयपुर शहर की विभिन्न सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण करने के संबंध में ध्यानाकर्षण किया जाएगा। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राजस्थान इंडस्ट्रियल

कॉरिडोर्स डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जयपुर का पहला वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022–23 सदन के पटल पर रखेंगे। इसके साथ ही विधानसभा में आज विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जाएगा। विधायकों के अनुभवों और नवाचारों पर भी विचार किया किया जाएगा।

..................

केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि इस वर्ष का बजट विकसित भारत के सपने की आधारशिला बनेगा। श्री यादव कल खैरथल–तिजारा के भिवाड़ी में औद्योगिक संघों की ओर से आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार कौशल और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने वाला बजट लेकर आई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं युवा उद्यमियों के सपनो को पूरा करेंगी। श्री यादव ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए भिवाड़ी में सांसद सेवा केंद्र खोला जाएगा। केंद्रीय वन मंत्री ने उद्यमियों को जिले में महिलाओ के सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ने और उनके उत्पाद को खरीद, उन्हें लखपति दीदी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री यादव ने इसके बाद भिवाड़ी के जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी उद्‌घाटन किया।
केंद्रीय मंत्री कल ही कोटपूतली–बहरोड़ के शाहजहांपुर में औद्योगिक संघों की ओर से आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने नीमराना में डेढ़ सौ बिस्तर का ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाने की घोषणा की।

..................

और अब पेरिस ओलम्पिक से जुड़ी खबरें –
केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलम्पिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डाक विभाग ने कहा कि स्मारक टिकटों का सेट आज दोपहर में जारी किया जाएगा। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि ओलम्पिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करना खेल और खिलाडियों के प्रति भारत के उत्साह और समर्थन का प्रतीक है।

पेरिस ओलम्पिक में बैडमिंटन सिंगल्स में आज कांस्य पदक के लिए लक्ष्य सेन का मुकाबला मलेशिया के जी जिया ली से होगा। कल सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से हार का सामना करना पड़ा। वे ओलम्पिक सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरूष बैडमिंटन खिलाडी हैं। अब तक केवल दो महिला खिलाडी साइना नेहवाल और पीवी सिंधु ने भारत के लिए ओलम्पिक पदक जीते हैं।
भारत की महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका आज स्कीट शूटिंग मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भाग लेंगे। महिला टेबल टेनिस में श्रीजा अकुला, मणिका बत्रा और अर्चना कामथ की टीम आज क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए रोमानिया का सामना करेंगी।
आज ही एथलेटिक्स में महिलाओं की चार सौ मीटर दौड के राउंड वन में किरण पाहल और तीन हजार मीटर स्टीपलचेज फाइनल में अविनाश साबले की भागीदारी होगी।
कुश्ती में निशा दहिया 68 किलोग्राम फ्री स्टाइल प्री–क्वार्टर फाइनल में भारत के अभियान की शुरूआत करेंगी। विष्णु सर्वानन और नेथरा कुमानन पुरूष और महिला डिंगी स्पर्धाओं में अपना अभियान जारी रखेंगे।

..................

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से आज हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि जयपुर के मानसरोवर में होने वाले इस महोत्सव की थीम गुलाबी लहरिया रखी गई है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में महिलाओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इनमें मेहंदी, थाली मेकिंग, बणी ठणी और घेवर बनाने जैसी कई प्रतियोगिता शामिल हैं। इस अवसर पर सबसे बड़ा घेवर बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। डॉ. गुर्जर ने बताया कि तीज का झूला, घेवर, तीज की सवारी और पूजन तथा तीज के महत्व को बताया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से हस्त निर्मित उत्पादों की स्टॉल भी लगाई जाएंगी।

..................